हरिभूमि

# शौर्य भूमि

जबलपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026

login : www.haribhoomi.com

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी



## खबर संक्षेप

### लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सीईओ जनपद पंचायत पर 500 रुपये का अर्थदंड

**मण्डला।** मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत समय-सीमा में सेवाएं प्रदान न करने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मंडला श्रीमती प्रतिमा शुक्ला पर 500 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। कार्यालय कलेक्टर (लोक सेवा प्रबंधन) मंडला द्वारा जारी आदेश के अनुसार लोक सेवा केंद्र/एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त दो आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण नहीं किया गया। दोनों प्रकरणों में अंतिम तिथि 22 जनवरी 2026 निर्धारित थी, जबकि निराकरण 23 जनवरी 2026 को किया गया, जिससे एक कार्यदिवस का विलंब हुआ। प्रत्येक आवेदन पर 250 रुपये प्रतिदिन की दर से कुल 500 रुपये की शास्ति अधिरोपित की गई है। संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि शास्ति राशि शासन मद में निर्धारित शीर्ष के अंतर्गत जमा कर चालान की प्रति तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। साथ ही अधिनियम की धारा 7(3) के तहत दोनों आवेदकों को 250-250 रुपये प्रतिकर राशि भुगतान करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि लोक सेवाओं के समयबद्ध एवं पारदर्शी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### 19 फरवरी को नैनपुर से रवाना होगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना ट्रेन

**मण्डला।** डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना श्री सचिन जैन ने बताया है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए रामेश्वरम मदुरै जाने वाली विशेष ट्रेन 19 फरवरी को नैनपुर से शाम 4:30 बजे रवाना होगी। प्राप्त नवीन निर्देशों के अनुसार यात्रा में शामिल सभी यात्रियों को अपने व्यय से नैनपुर रेलवे स्टेशन पर दोपहर 2:30 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुंचना होगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही यात्रा के दौरान सहयोग और मार्गदर्शन के लिए साथ जाने वाले पर्यवेक्षक से भी यात्रियों का परिचय कराया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे मौसम के अनुसार आवश्यक कपड़े और जरूरी सामान साथ रखें, जिससे यात्रा आरामदायक और सुरक्षित बनी रहे। यात्री अपनी यात्रा टिकट संबंधित तहसीलदार कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

## रेल्वे संघर्ष समिति ने माँ नर्मदा जी को सौंपा ज्ञापन

# हफ्ते भर बाद दूसरा धरना प्रदर्शन

*** 17 फरवरी को कलेक्ट्रेट परिसर में दिया गया धरना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

राष्ट्रीय रेल्वे संघर्ष समिति का आज रहा दूसरा धरना प्रदर्शन पहला धरना प्रदर्शन 9 फरवरी को रेल्वे स्टेशन में किया गया था। इसका आज 17 फरवरी को दूसरा चरण था इसके बाद भी यदि हमारी मांगो में विचार नहीं किया जाता या जनप्रतिनिधि का आश्वासन नहीं मिलता तो अगले चरण के आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

आज के आंदोलन धरना प्रदर्शन में सर्व समाज सभी समाजसेवियों पत्रकार बंधुओं साथ ही वकील




एसोसिएशन का भी समर्थन रहा सभी ने अपने अपने विचार रखकर आंदोलन को सफल बनाने एवं रेल संचालन के लिए अपने विचार रखे एवं कहा कि रेल्वे संघर्ष समिति जो भी जैसा आंदोलन ज्ञापन यदि करेंगे तो उसमें पूर्ण समर्थन रहेगा।



आज के विशाल आंदोलन धरना प्रदर्शन में ईश्वर चंद्र त्रिपाठी जी के साथ सैकड़ों महिलाओं का जनसमूह भी आया धरना प्रदर्शन में जो लालीपुर चौराहे से बस स्टैंड चिलमन चौक रेडक्रॉस बैगा बेगी चौक होते हुए धरना प्रदर्शन स्थल पहुंचा उनका कहना रहा कि आप मंडला वाशी जब भी आंदोलन करेंगे हमारी समिति साथ आएगी।

धरना प्रदर्शन का समय रहा 11 बजे से 2 बजे तक मगर आज के जनसमूह देखकर सभी के विचार सुनने के कारण धरना 3 बजे तक चला धरना पश्चात धरना स्थल से कलेक्टर जी को ज्ञापन देने के लिए सभी जनसमूह में धरना स्थल से कलेक्ट्रेट परिसर तक रैली निकालकर गए ।लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी जिला कलेक्टर साहब ज्ञापन लेने नहीं माननीय डिप्टी कलेक्टर एस डी एम साहब तहसीलदार साहब आए मगर संघर्ष समिति के प्रबुद्ध जन सर्व समाज का कहना था कि ज्ञापन सिर्फ कलेक्टर साहब को देंगे वो नहीं आए इससे संघर्ष समिति में रोष व्याप्त हो गया।

जब ज्ञापन कलेक्टर महोदय जी नहीं लिए तो रेल्वे संघर्ष समिति के सदस्य प्रशाशन से आग्रह किया कि किसी चपरासी को पहुंचा दिया जाए जिसको हम ज्ञापन दे दे मगर वो भी नहीं हुआ।

पहली बार हुआ मां नर्मदा जी जी को ज्ञापन प्रस्तुत रेल्वे संघर्ष समिति की मांग को लेकर जब कलेक्टर साहब नहीं आए तो रेल्वे संघर्ष समिति के साथ जनसमूह निकल गया महिष्मति घाट पैदल रैली निकालकर मां नर्मदा तट महिष्मति घाट में मां नर्मदा को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

अब होगा आगामी वृहत आंदोलन जिसमें आज दिनांक को बैठक कर आगामी मंडला बंद की रणनीति बनाई जाएगी जिसमें सर्व समाज सभी व्यापारियों से अपील की जाएगी कि मंडला एक दिन बंद का पूर्ण आवाहन किया जाएगा। इसके बाद मार्च में होगा मंडला जिले के नगर में पूर्ण चक्का जाम रेल रोकने का आंदोलन।

आप सभी जिले वाशियो से अपील है जिसमें आप रेल संचालन नवीन रेलमार्ग के लिए मन से समर्पित होकर साथ दे रेल्वे सबके लिए है ये आंदोलन किसी राजनीतिक पार्टी का नहीं है इसमें जिले वाशियो का पूर्ण समर्थन है।

# निर्माण कार्यों में देरी पर सीईओ ने जताई नाराजगी




*** समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जनपद पंचायतों के सहायक यंत्रियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शाश्वत सिंह मीना की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति और अधोसंरचना कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सीईओ श्री मीना ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत चल रहे सभी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। लंबे समय से लंबित या अप्रारंभ आंगनवाड़ी भवनों को तत्काल शुरू कराया जाए। बाल सुलभ शौचालयों के निर्माण में तेजी लाई जाए। समीक्षा के दौरान परियोजना निवास में बाल सुलभ शौचालयों की बड़ी संख्या में अप्रारंभ स्थिति पाए जाने पर सीईओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य प्रणाली में सुधार लाने और निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने की हिदायत दी। प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डीएनसी डैशबोर्ड, आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए हितग्राहियों का व्यापक सर्वे किया जाए। सभी पात्र हितग्राहियों की आभा और अपार आईडी बनाने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें अनिवार्य रूप से एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) में भर्ती कराएं। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक संचालक, सभी ब्लॉकों के परियोजना अधिकारी और जनपद पंचायतों के सहायक यंत्री मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ब्लैकस्पॉट सुधार और पुराने वाहनों पर दिये सख्त निर्देश

*** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

बैठक में जिले के ब्लैक स्पॉट्स (दुर्घटना संभावित स्थानों) की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि इन स्थानों का संयुक्त निरीक्षण कर शीघ्र सुधार कार्य कराए जाएं, ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। इसके अलावा, पंद्रह वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को स्क्रैप पॉलिसी के तहत निस्तारित करने की कार्यवाही तेज करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पुराने और अनुपयोगी वाहनों के कारण होने वाले प्रदूषण और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह कदम आवश्यक है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। यातायात पुलिस को नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का पालन कराने को कहा गया। इसके अलावा बैठक में हिट एण्ड रन के कुल लम्बित प्रकरणों, शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए अतिक्रमण दस्ता द्वारा की गई कार्यवाही, वाहनों के बीमा, फिटनेस, एचएसआरपी, ओवर स्पीड पर की गई कार्यवाही पर भी चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शाश्वत सिंह मीना, एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा, जिला परिवहन अधिकारी बिमलेश कुमार गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# माँझीपुर शासकीय हाई स्कूल में विदाई एवं सम्मान समारोह सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

भुआबिछिया क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल माँझीपुर में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह एवं सेवानिवृत्त शिक्षक मंगल दास टांडिया का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टांडिया मुख्य अतिथि एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष विष्णु मरावी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कक्षा 10 के विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर टाइटल व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने टांडिया के 40 वर्षों की सेवाओं की सराहना करते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया। अपने संबोधन में टांडिया ने विद्यार्थियों को शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की सीख दी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि प्रदान की।

विद्यालय परिवार द्वारा टांडिया का शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कविता विश्वकर्मा एवं आभार प्रदर्शन राकेश नामदेव ने किया।

**परिचयात्क बैठक** | **संगठन की असली ताकत पद नहीं, बल्कि समर्पित कार्यकर्ताओं का परिश्रम है-रमेश भटेरे।**

# भाजपा कार्यकर्ताओं की ली परिचयात्मक बैठक

*** भाजपा जिला प्रभारी का हुआ प्रथम आगमन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन प्रभारी श्री रमेश भटेरे का प्रथम आगमन मण्डला हुआ। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात भाजपा कार्यालय में एक परिचात्मक एवं संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने की। इस अवसर पर जिला महामंत्री श्री संतोष रजक एवं नरेश चंद्रोल, पूर्व विधायक डॉ. शिवराज शाह, पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र कोकडिया, रोचीराम गुरवानी, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, छाया विधायक डॉ. विजय आनंद मरावी, राजेश पाठक सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला प्रभारी रमेश भटेरे ने अपने संबोधन में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक सक्रियता तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता मेरे लिए परिवार का सदस्य है। संगठन की असली ताकत पद नहीं, बल्कि समर्पित कार्यकर्ताओं का पसीना और परिश्रम है। उन्होंने कहा कि जब कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करता है, तब ही पार्टी का विस्तार होता है और समाज का विश्वास मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि हमें राजनीति नहीं, राष्ट्रनीति को आगे बढ़ाना है। बूथ स्तर का कार्यकर्ता ही हमारी असली पहचान है और उसी के परिश्रम से भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। जिला प्रभारी ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ आगे बढ़ें तथा जनता के सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहें। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का संकल्प लेकर चलने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाए तथा आमजन से सतत संवाद बनाए रखें। श्री मिश्रा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की आधारशिला होती है, इसलिए सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय और अनुशासन के साथ कार्य करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मंडला जिले में भाजपा संगठन पहले से अधिक सशक्त और सक्रिय रूप में उभरेगा तथा आगामी सभी कार्यक्रम ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेंगे।



# दुर्गा व्यायामशाला के पहलवानों ने राज्य स्तर पर लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

मध्यप्रदेश 'कुश्ती खेलो एमपी' राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में दुर्गा व्यायामशाला नारायणगंज के दो होनहार पहलवानों, श्याम बर्मन एवं दिव्यांश सरवटे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक (Bronze Medal) जीतकर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। नारायणगंज आगमन पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया, जिसमें खेल प्रेमी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित जन उपस्थित रहे टिकरिया थाना प्रभारीः प्रदीप पाण्डे दुर्गा व्यायामशाला नारायणगंजः संरक्षक मागन लाल सोनी, कोषाध्यक्ष रघुनंदन विश्वकर्मा, अध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर। भारतीय शैली कुश्ती संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेश सोनी जिला भारतीय शैली कुश्ती संघ मंडलाः संरक्षक राजुल ज्योतिषी, सदस्य दीपक चक्रवर्ती, सचिव सुमित सोनी। विशेष उपस्थितिः स्थाई समिति सदस्य गया चक्रवर्ती, पहलवान सुदर्शन शेरे (मंडला), सनम पहलवान, करण पहलवान। इस अवसर पर खिलाड़ियों के परिवारजन एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी श्री प्रदीप पाण्डे एवं व्यायामशाला के पदाधिकारियों ने पहलवानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में भी इन युवाओं ने राज्य स्तर पर पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती।

# शहर से लेकर गांव गांव घूम रही पुलिस का सायरन बजाते हुये प्रभावशाली लोगों की निजी गाड़ियां, रूतबा झाड़ने वाले छुट भैयाओं की गाड़ियां बनी आमजन लिये परेशानी का कारण...

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

परिवहन विभाग द्वारा सड़कों पर संचालित वाहनों में प्रेशर हार्न के उपयोग के संबंध में तमाम नियम बनाये गये है। मगर बावजूद इसके देखा जा रहा है कि राष्ट्रीय व राजकीय मार्गो से लेकर शहर की गली कूचो तक में दौड़ने वाले अनेक छोटे बड़े वाहनों तथा बाईक तक में प्रेशर हार्न का बेखौफ उपयोग किया जा रहा है। बात यहां तक ही सीमित नही है अनेक लोगों द्वारा तो अपने वाहनों में पुलिस गाड़ी में उपयोग होने वाला सायरन लगवाकर उसका दुरूपयोग करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस बात की सच्चाई आये दिन शहर के अंदर खुलेआम निजी कारों से लेकर अन्य वाहनों में इस पुलिस सायरन की आवाज सुनाई देना आम बात हो चुकी है। इस समय देखा जावे तो लोगों द्वारा अपने वाहन चालकों द्वारा प्रेशर हार्न का उपयोग इस तरह किया जा रहा है कि मानो इनका उपयोग उनका मूल अधिकार हो...? हालत इस हद तक खराब है कि जहां अनेक बडे बड़े नेताओं द्वारा अपने वाहनों में निमय से विपरित होकर धडल्ले से जहां अपनी गाड़ियों में साईरननुमा हूटर उपयोग किये जा रहे है वही अन्य लोगों द्वारा बाईको से लेकर चार पहिया वाहन, ट्रक, बसो में प्रेशर हार्न का उपयोग हो रहा है, जिसके चलते शहर की मुख्य संड़कों पर संचालित होने वाले हर 8-10 वाहनों की आवाजाही के बाद प्रेशर हार्न की आवाज सुनने को मिल सकती है। जबकि नियम के अनुसार बताया जाता है कि सायरन हूटर लगाने का अधिकार सिर्फ चुनिंदा लोगों को ही होता है। मगर पता नही क्षेत्र के नेताओं








को तो इस प्रकार से अपने वाहनों में हूटर लगाने का शौक लगा है कि हर नेता की गाड़ी में नियम के विपरित हूटर लगा हुआ आसानी से दिखाई दे रहा है जो सिर्फ अपने शौके के चलते जहां यातायात नियमों की धज्जियाँ उठा रहे है और वाहनों व ग्रामीण के बीच अपना रौब झाडने के लिए क्षेत्र में अनेक लोगों द्वारा अपनी गाडियों में लगी हुई सायरन हूटर का इस प्रकार से प्रयोग किया जाता है जिसके चलते आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और यही स्थिति अन्य वाहनों की है जिनमें खुलेआम प्रेशर हार्न लगे हुए है। मगर धन्य है क्षेत्र का जिम्मेदार प्रशासन जो आये दिन वाहन चैकिंग के नाम पर छोटे मोटे लोगों के खिलाफ तो चालानी कार्यवाही करते हुए रौब झाडकर वाही वाली लूटने में कोई कसर नही छोड़ता है। मगर उनको कभी यह दिखाई नही देता है कि अनेक गाड़ियों में खुलेआम जिस प्रकार से सायरन हूटर तथा अन्य वाहनों में लगे हुए प्रेशर हार्न से लोगों को कितनी परेशानियों से गुजरना पड़ता होगा? जबकि गौर किया जावे तो सायरन हूटर लगी हुई गाड़ियों ि जम्मेदार अधिकारियों के आलीशान आफिसों के सामने से गूजरती रहती है जिन्हें प्रशासन के अधिकारी खुलेआम नजर अंदाज करते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है..? इस तरह पटाखानुमा आवाज ‌निकालने वाली बुलट गाड़ियों को लेकर कुछ दिनों तक ि जला पुलिस अधीक्षक के ि नर्देशन में कार्यवाही होते हुये देखा जा रहा था। मगर अब वह भी शांत होते हुये जान पड़ रही है इसी का परिणाम है कि इन वाहन मालिकों के हौसल बुलंद दिखाई देने से नही चूक रहे है। दुर्घटना की आशंका- इस प्रकार से नियम विरूद्व वाहनों में लगे हुए सायरन हूटर तथा प्रेशर हार्नो से सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है जब आगे चल रहे वाहन चालक को पीछे से या सामने से सायरन हूटर प्रेशर हार्न सुनाई देता है, खासतौर से जब उसके बगल से प्रेशर हार्न बजाता वाहन सट कर निकलता है, इस स्थिति में तो अक्सर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है, कई बार ऐसी दुर्घटना से जान तक चली जाती है। शौक बन गया प्रेशर हार्न बजाना-इन दिनों गौर किया जावे तो सायरन हूटर का उपयोग जहां नियम विरूद्व नेताओं द्वारा अपने वाहनों में किया जा रहा है वही प्रेशर हार्न का सर्वाधिक उपयोग युवा बाईक चालकों द्वारा किया जाता है, जो नगर में ऐसे हार्न की आवाज हमेशा सुनी जा सकती है। ऐसे बाईक चालक प्रेशर हार्न की कर्कश आवाज बजाते हुए चालक इस तरह निकलते है, मानों किसी दौड़ प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। इस बात को इस तरह भी कहा जा सकता है कि बाईक या अन्य वाहनों में प्रेशर हार्न का उपयोग करना शौक भी बन गया है और इन शौकीनों को सड़क दुर्घटना का कोई खौफ नही है। इतना ही नही यदि इन हार्नो की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस तरह के हार्न के चलन के संबंध में चिकित्सकों का कहना है कि इनकी कर्कश ध्वनि से ह्दय गति बढ़नें का खतरा भी है, इनके उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाना जरूरी है। बताया कि कान में आवाज सुनने की एक क्षमता होती है। यदि उक्त क्षमता से तेज गति की आवाज कानों तक पहुंचे तो व्यक्ति बहरा भी हो सकता है। मगर पता नही शासन प्रशासन द्वारा इस ओर क्यों ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी पूर्ण रूप से खतरे में नजर आ रही है। नये फैसन की बुलेट गाड़ी के आबाज से लोगों का सोना हो रहा दुभर- पूर्व में सड़को पर दौड़ने वाली बुलट बाइक में अचानक कमी आने के बाद फिर युवाओं में बुलट चलाने का जो शौक पैदा हुआ है वह आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहा है। युवाओं में बुलट बाइक के प्रति बढ़ रहे शौक के चलते नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी बुलट गाड़ियों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होते हुये देखी जा रही है जिसके सायलेन्सर से निकलने वाली आवाज ही इतनी तेज होती है कि उसको सुन पाना मुश्किल हो जाता था। मगर अब नये फैसल की बुलेट में जिस प्रकार से युवाओं द्वारा अलग प्रकार की आवाज सेट कराई जा रही है वह चलते चलते अचानक बम की तरह निकालने से नही चूकती है इस आवाज के चलते जब देर रात नगर की गलियों में बुलट बाइक दौड़ते हुये इस प्रकार से आवाज निकालती है तो लोग अपने घरों में नींद तक नही ले पा रहे है क्योंकि बम के समान यह आबाज इतनी तेज होती है कि सो रहे किसी भी व्यक्ति की नीद गायब हो सकती है? इस प्रकार से नगर व शहरों में लगातार बुलेट बाईकों की बढ़ोत्तरी आम लोगों के लिये सिर दर्द बनने से नही चूक पा रही है? जिसके चलते आमजन द्वारा प्रशासन से युवाओं द्वारा अपनी बुलेट बाईकों में बमनुमा आवाज निकालने वाले यंत्र लगवाए जाने पर रोक लगाना चाहिये।

## खबर संक्षेप

### शासकीय आईटीआई बाबई चीचली में नए व्यवसाय प्रारंभ करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय स्किल कमेटी की बैठक में कौशल उन्नयन, जिले की शासकीय आईटीआई में संचालित व्यवसायों एवं पीएम विश्वकर्मा योजना व मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से संबंधित आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने शासकीय आईटीआई बाबई चीचली आरएसी, सोलर टेक्नीशियन, पीतल इंडस्ट्रीज से संबंधित फाउंड्रीमैन, शीटमेटल एवं एनटीपीसी की मांग के अनुसार नये व्यवसाय प्रारंभ करने के निर्देश दिये। वही समस्त शासकीय आईटीआई के प्राचार्यो, नगरपालिका सीएमओ एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न व्यवसायों जैसे कुम्हार, बढ़ाई, मोची, वास्केट मेकर के सामाजिक प्रतिनिधियों से संपर्क करने एवं वर्कशॉप आयोजित किये जायें। कलेक्टर/सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में पीतल निर्माण से संबंधित कारीगरों के कौशल प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता के लिए एक समिति गठित की जाए, जिसमें जीएम डीआईसी, प्राचार्य शासकीय आईटीआई बाबई चीचली व एलडीएम सदस्य के रूप में रखे जायें। उक्त समिति की नियमित बैठक आयोजित की जाये। कलेक्टर ने संचालित योजनाओं से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण करने एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश एनएसडीसी को दिये। इस दौरान उन्होंने समस्त शासकीय आईटीआई को प्रत्येक संस्था से कम से कम तीन व्यवसायों का चयन कर प्रशिक्षण प्रारंभ करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शासकीय आईटीआई बाबई चीचली को फर्नीचर की मांग के संबंध में संचालक कौशल विकास संचालनालय को मांग पत्र लिखने के निर्देश दिये।

### वाहनों की की गई जांच, आधा दर्जन से अधिक वाहनों पर किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समीपस्थ चीचली क्षेत्र में स्थापित एनटीपीसी से निकलने वाली राख का परिवहन करने वाले डम्फरों की स्थिति इस तरह से देखने मिल रही है कि जहां व तेज गति से दौड़ने के चलते आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर जिस तरह से राख



भरने के बाद उसे ऊपर खुला छोड़े जाने के चलते वह राख सड़क पर उड़ने के कारण क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा था। इसी बात को लेकर बीते हुये दिवस जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा के निर्देशों के परिपालन में जिला परिवहन अधिकारी व उनकी टीम द्वारा एनटीपीसी में संचालित प्लाईऐश परिवहन में लगने वाहनों की जांच की गई। बताया जाता है कि इस जांच के दौरान 9 वाहनों में कमी पाए जाने पर मौके पर ही जुर्माने की कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया ने बताया कि मंगलवार को चीचली-गाडरवारा रोड एवं गाडरवारा-तेंदूखेड़ा रोड पर एनटीपीसी में संचालित फ्लाईऐश के परिवहन में लगे लगभग 35 वाहनों की जाचं की गई। जांच के दौरान 35 वाहनों में से 9 वाहनों में कमी पाए जाने पर मौके पर ही जुर्माने की कार्यवाही कर 62 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### गांव गांव फैल रही गंदगी को क्यों किया जा रहा है नजर अंदाज

हरिभूमि न्यूज/कौड़िया। एक ओर जहां केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान चलाते हुये स्वच्छता के नाम पर करोड़ो रूपया की राशि खर्च की जा रही है। मगर यह स्वच्छता अधिकारियों की उदासीनता के चलते जहां सिर्फ कागजों पर चलते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर खर्च की जा रही राशि सिर्फ बर्बाद होने के आलवा और कुछ साबित होते हुये दिखाई नही पड़ पा रही है? क्योंकि लगभग सात वर्ष पहले ओडीएफ घोषित हो चुके इस जिले में अधिकारियों द्वारा की जाने वाली अनदेखी का परिणाम इस प्रकार से बन चुका है कि ओडीएफ घोषित जिला पूर्ण रूप से गंदगी युक्त हो चुका है, जिसके चलते वर्तमान समय में सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर चलाये जा रहे संपूर्ण कार्यक्रम मात्र एक दिखाबा साबित हो रहा है।

# शहादत का सम्मान: अमर शहीद स्व. आशीष शर्मा के भाई अंकित शर्मा के कंधे पर सजे दो स्टार



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

समीपस्थ ग्राम बोहानी में जन्म लेने वाले आशीष शर्मा ने अपने माता पिता सहित संपूर्ण क्षेत्र में नाम देश दुनिया में रोशन करते हुये भले ही वह इस दुनिया से विदाई ले चुके है। मगर उनका नाम लोग जब तक सूरज चांद रहेगा तब तक भुला नही पायेगे। क्योंकि आशीष शर्मा की कुर्वानी को संपूर्ण देश याद करते हुये देखा जावेगा। अमर शहीद निरीक्षक स्व. श्री आशीष शर्मा पुलिस–नक्सल मुठभेड़ के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए थे। प्रदेश के मुख्य मंत्री की घोषणा व मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार अमर शहीद के भाई को अंकित शर्मा को उपनिरीक्षक पद पर विशेष अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करते हुये बीते हुये उनके कंधे पर दो स्टार सजाये गये है। इसी के चलते वीर अमर शहीद स्व आशीष शर्मा के भाई अंकित शर्मा ने उपनिरीक्षक पद का पदभार ग्रहण किया। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र की संयुक्त टीम द्वारा चलाए गए नक्सल विरोधी ऑपरेशन के दौरान निरीक्षक आशीष शर्मा (म.प्र. हॉक फोर्स) ने अभूतपूर्व वीरता एवं साहस का परिचय देते हुए बीते हुये 19.11.2025 को नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में वीरगति प्राप्त की थी। मध्यप्रदेश शासन द्वारा अमर शहीद, निरीक्षक स्व. आशीष शर्मा का शासकीय कर्तव्य के दौरान पुलिस-नक्सल मुठभेड़ में वीरगति होने पर उनके भाई अंकित शर्मा को जिला पुलिस बल में उप निरीक्षक के पद पर विशेष प्रकरण मानकर नियुक्ति प्रदान किए जाने का निर्णय लिया जाकर उन्हे उप निरीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाकर जिला पुलिस बल नरसिंहपुर में पदस्थ किया गया था। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार अमर शहीद निरीक्षक स्व. आशीष शर्मा के भाई अंकित शर्मा ने 16.02.2026 को जिला नरसिंहपुर में उपनिरीक्षक पद का पदभार ग्रहण किया गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने अंकित शर्मा को उपनिरीक्षक पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

# सराफा संगठन सालीचौका गिरवी को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।



अक्सर देखा जाता है कि जब ‌किसी भी चीज में यदि फायदा ‌दिखाई देने लगता है तो लोगों का मन बदलने में देर नही लगती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सोने के लगातार बढ़ रहे दामों के बीच ि गरवी जेबर रखने वाले लोगों के मनों में बदलाव होते हुये ‌दिखाई देने लगा है और वह वर्षो पूर्व सराफा व्यापारियों के यहां पर रखी हुई गिरवी को कटवाने के बाद अब उसे प्राप्त करने के लिये शिकायत ‌शिकवा करना शुरू कर दिया गया है। इसी बात को लेकर सराफा व्यापारियों द्वारा परेशान होकर अधिकारियों को ज्ञापन सौपे जा रहे है। इसी क्रम में बीते हुये ि दवस सालीचौका के नया सराफा संगठन द्वारा पुरानी गिरवी के मामलों द्वारा अवैध रूप से दबाव बनाने पुलिस में झूठी शिकायत एवं अनावश्यक रूप से पुलिस द्वारा हस्तक्षेप न करने को लेकर पुलिस थाना में प्रभारी वर्षा धाकड को ज्ञापन सौपते हुये मांग की गई है कि लगभग 8 से 10 वर्ष पुरानी गिरवी उठाने के लिए ग्राहक आ रहे हैं। जबकि 3 वर्ष पश्चात तक ग्राहक को सूचना देने पर ग्राहक द्वारा क्षमता नहीं होने का मौखिक बोलकर समाप्त करने को कह कर चले गए। मगर वर्तमान में सोना चांदी के भाव अधिक हो गए और अब गिरवी रकम मांगने के लिए आने लगे हैं। इतना ही नही उनके द्वारा सामान को बेचने पर अंतराल का पैसा मांगने के साथ शिकायते करते हुये देखे जा रहे है। इस तरह सराफा व्यापारियों द्वारा सौपे गये ज्ञापन को लेकर उप थाना प्रभारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस प्रकार के मामलो में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करेंगे। ज्ञापन देते समय नया सराफा एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य रूप से अध्यक्ष राम नारायण सोनी,उपाध्यक्ष रामकुमार सोनी, सचिव मिश्रीलाल सोनी के आलवा सदस्य मुरारी लाल सोनी, महेश सोनी, पराग तिवारी, संजीव सोनी, निशिकांत सोनी, आशीष सोनी, अमित सोनी अभिषेक सोनी, अंकित सोनी, राजा सोनी, दीपक सोनी, जय सोनी सहित अन्य लोग शामिल थें।

# श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति की ऐतिहासिक एवं अनुकरणीय पहल डमरूघाटी पर में चढ़ने वाले हरित सामग्री से फिर बनाई जावेगी जैविक खाद







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर ही नही बल्कि संपूर्ण प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना चुके शिवधाम डमरूघाटी में महाशिवरात्रि पर हजारों लोगों ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का आवागमन चालू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। महाशिवरात्रि पर्व एवं मेले के चलते श्रद्धालुओं का उत्साह भी देखने को मिला। वही दूसरी ओर पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर ऐतिहासिक पहल समाजसेवी संगठन श्री साई श्रद्धा सेवा समिति द्वारा देखने को मिली। बताया जाता है ‌कि जहां भगवान शंकर पर श्रद्धालुओं द्वारा बेलपत्र, फूल, धतूरा, दूवा आदि सामग्री चढ़ाई जाती थी उसे विसर्जित किया जाता था। लेकिन बीते हुये वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति की पहल पर इस हरित सामग्री से कॉम्पोस्ट खाद हेतु एकत्रित किया गया। जिसे शहर के समस्त धार्मिक पेड़ पौधों में उपयोग किया जाएगा। इसी तारतम्य में समिति संस्थापक आशीष राय के नेतृत्व में समिति सदस्यों द्वारा सात घंटे की सेवा में करीब पांच क्विंटल हरित्र सामग्री एकत्रित की गई और कॉम्पोस्ट खाद हेतु नगर पालिका प्रशासन को सौंपा जाएगा गया है। वही नपा द्वारा इसे श्मशान घाट स्थित प्लांट में तैयार कर खाद बनाकर धार्मिक स्थलों पर लगे पेड़ पौधों में डाला जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख एवं डमरूघाटी समिति ने साईं समिति की पहल को सराहा तो दूसरी ओर तत्कालीन अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सृष्टि देशमुख के कार्यकाल में आयोजित बैठक में साईं श्रद्धा सेवा समिति ने मंदिर में चढ़ने वाली हरित सामग्री से खाद बनाने का सुझाव के साथ उक्त हरित सामग्री को एकत्रित करने में सहयोग देने की बात कही गई थी। तब से इस पहल पर साईं श्रद्धा सेवा समिति अपनी पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करती आ रही है। साथ ही डमरूघाटी समिति अध्यक्ष हंसराज मालपानी व उपाध्यक्ष रवि शेखर जायसवाल, सचिव चंद्रकांत शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने साईं श्रद्धा सेवा समिति के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा साईं समिति की पहल के चलते डमरूघाटी मंदिर देश के अन्य धार्मिक मंदिरों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन गया है जो हम सभी के लिए गौरव की बात है। महाशिवरात्रि पर आयोजित शिवधाम डमरूघाटी मेले में नंदी प्रांगण में करीब 15 वर्ष से श्री साई श्रद्धा सेवा समिति ने साफ सफाई की व्यवस्था की जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए स्वच्छता अभियान चलाते आ रही है। इस वर्ष भी समिति ने हरित सामग्री पृथकीकरण के साथ साथ अगरबत्ती पेंकिट, नारियल बूछों इत्यादि कचरे को साफ किया एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरण भी किया गया। इस अवसर पर समिति संस्थापक आशीष राय, बबलू दवाईवाला, धनराज यादव,चेतन विश्वकर्मा, अमित कोरी,राहुल रजक,नमन शुक्ला, राजा अहिरवार,यश कुर्मी,लकी रजक,मोहित सोनी,आदर्श विश्वकर्मा,सूर्या चौहान,कोमल वर्मा,ओम राजपूत, आशीष कुशवाहा,यश कुशवाहा, हरिओम श्रीवास, राज कुमार, आकाश यादव,चंदन गोलंदाज, चिराग चौहान,सहित इत्यादि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। यहां साल भर श्रद्धालुओ का आना जाना लगा रहता है। महाशिवरात्रि पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते है जिसके लिए प्रशासन को नेशनल हाईवे का भी रूट बदलना पड़ता है। साथ ही यह मंदिर संभाग का पहला मंदिर जिसमे महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था का पूरा ध्यान रखते हुए उनके द्वारा चढ़ाई जाने वाली हरित सामग्री से जैविक खाद बनाने की अनुकरणीय कार्य किया जाता है।जिसे पुनः धार्मिक स्थल पर लगे पेड़ पौधे में डाला जाता है।



# माँ नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा में गूंज रहे नमामि देवी नर्मदे के जयकारे

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नमामि देवी नर्मदे मां नर्मदे हर के जयकारे लगाते हुए ग्राम काटजूनगर ग्राम पंचायत पलोहा जलाराम आश्रम माँ नर्मदा के किनारे से श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर सुरेन्द्र दास महाराज ( इंडियावाड़ा ) जि. नर्मदा, गुजरात की प्रेरणा एवं उनके आशीर्वाद से माँ नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा चल रही है। इस दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं । माँ नर्मदाजी की परिक्रमा 1 फरवरी 2026 माघी पूर्णिमा से पलोहा ग्राम पंचायत के जलाराम आश्रम काटजू नगर नर्मदा घाट से प्रारंभ हुई है जो नयाखेड़ा, टिमरावन, हीरापुर, भटेरा, टिमरावन होती हुई काटजूनगर घाट में 3 मार्च 2026 मंगलवार पूर्णिमा तक पूर्ण होगी । महामंडलेश्वर सुरेन्द्र दास महाराज ( इंडियावाड़ा ) के साथ अनेको संत व सूरज कुंड वाली माता जी भी नर्मदा परिक्रमा कर रही हैं । महाराज जी कहते है कि मां नर्मदा की पूजा करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है मां नर्मदा जी के तटों पर लोग पूजा अर्चना कर अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए जाते हैं । मां नर्मदा जी की महिमा और उत्तर वाहिनी परिक्रमा का अलग ही महत्व है । मां नर्मदाजी का भक्तों पर भरपूर आशीर्वाद रहता है मां नर्मदा का स्मरण करने से ही मन को शांति मिल जाती है । उत्तर वाहिनी परिक्रमा के प्रारंभ से मां नर्मदा के भक्तों में काफी उत्साह नजर आ रहा है जो प्रतिदिन मां नर्मदा के परिक्रमा में श्रद्धालु शामिल होकर मां नर्मदा के जयकारे लगाकर भजन गाते हुए चल रहे है। वही श्रद्धालुओं द्वारा नर्मदा के घाटों पर विशेष पूजा अर्चना की जा रही है संतो का सानिध्य भी प्राप्त हो रहा है परिक्रमा के दौरान मां नर्मदा के भक्तों के लिए बाल भोग एवं भोजन प्रसादी की दोपहर में भटेरा के पंचकुटी आश्रम में सरपंच राजू लोधी एवं उनके सहयोगियों द्वारा रखी गई है । प्रतिदिन दोपहर 2 बजे मां नर्मदा के भटेरा घाट पर संगीत के साथ मां नर्मदा की महा आरती हो रही है । शाम को जलाराम आश्रम काटजू नगर में प्रतिदिन भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। काटजू नगर घाट पर विशेष पूजा अर्चना के साथ संतों के सानिध्य में मां नर्मदा की महा आरती हो रही है लगभग 16 किलोमीटर की इस यात्रा में श्रद्धालुओं में माँ नर्मदा की अनोखी भक्ति देखने को मिल रही है । लोग हाथों में धर्म ध्वज लेकर मां नर्मदा की आराधना में लीन होकर उत्तर वाहिनी परिक्रमा कर रहे हैं । आयोजन समिति ने धर्म प्रेमी जनता से मां नर्मदा की उत्तर वाहिनी परिक्रमा में शामिल होने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

# स्नानदान अमावस्या के मौके पर नर्मदा तटों पर उमड़ी भक्तों की भीड़ तो शिवधाम डमरूघाटी पर भोले नाथ के दर्शन करते हुये किया पूजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मंगलवार के दिवस अमावस्या का पड़ना निश्चि तौर से काफी शुभकारी माना जाता है और इस वर्ष ‌शिवरात्रि के तीसरे ि दवस स्नान दान अमावस्या होने के चलते क्षेत्र के नर्मदा तटों पर भक्तों की भीड देखने मिली तो दूसरी ओर संकटो से मुक्ति दिलाने वाले हनुमानजी के ‌प्रिय दिवस मंगलवार को अमावस्या के चलते महिलाओं ने अपने घरों में पूजन करते हुये भगवान की परिक्रमा लगाने के साथ अपने परिवार के सुख समृद्वि की कामना की गई। वही दूसरी ओर मंगलवार का दिन होने के







चलते सैकड़ो की संख्या में लोग नगर के समीपस्थ ि स्थत ि शवधाम डमरूघाटी पहुंचकर भगवान भोले नाथ का पूजन अर्चन करते हुये शक्कर नदी में लगे हुये मेले का आनंद उठाया गया। इस तरह स्नानदान अमावस्या के चलते देखा गया की देर रात तक मेले में लोगों की भीड़ लगी रही। इस तरह ‌शिवरात्री के तीसरे दिवस भी नगर की शक्कर नदी में लगे हये मेले में लोगों की भीड़ उमडते हुये देखने मिली। देखा जावे तो शिवरात्री के मौके पर लगने वाला यह मेला गाडरवारा ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्रवासियों के लिये जहां आकर्षण का केन्द्र बनते हुये देखे जाने लगा है तो दूसरी ओर हर वर्ष इस मेले का स्वरूप बड़ा होते हुये दिखई देने लगा है।

## खबर संक्षेप

### अनूपपुर जिले का नाम किया रोशन, 19 वर्ष की उम्र में बड़ी उपलब्धि

**राजेन्द्रग्राम।** जिले के लिए गर्व की बात है कि ग्राम धीरुटोला, तहसील पुष्पराजगढ़ के निवासी यस जायसवाल ने मात्र 19 वर्ष की आयु में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन देश की प्रतिष्ठित संस्था आईसीएमआर में जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट पद पर हुआ है। इस सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। यस जायसवाल, पिता संदीप जायसवाल ने कम उम्र में ही लक्ष्य तय कर कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। आज के समय में जब अधिकांश युवा करियर को लेकर असमंजस में रहते हैं, ऐसे में यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर सामने आई है। इस सफलता के पीछे उनके मार्गदर्शक गौरव सर का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन, सही रणनीति, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास बढ़ाने वाली सीख ने इस लक्ष्य को संभव बनाया। अपनी सफलता पर यस जायसवाल ने कहा कि यह उनके जीवन का पहला पड़ाव है। आगे भी वे देश सेवा और समाज के हित में कार्य करने का संकल्प रखते हैं। इस उपलब्धि पर ग्राम धीरुटोला सहित पूरे पुष्पराजगढ़ और अनूपपुर जिले में हर्ष का माहौल है। लोगों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता आने वाली पीढ़ी को मेहनत और सही मार्गदर्शन के महत्व का संदेश देती है। कम उम्र में हासिल की गई यह उपलब्धि साबित करती है कि दृढ़ निश्चय, सही दिशा और आत्मविश्वास के साथ हर सपना साकार किया जा सकता है।

### महाशिवरात्रि के अवसर पर कल्याण सेवा आश्रम एवं गुरु नानक गुरुद्वारा द्वारा कराया गया भोजन भंडारा

**अमरकंटक।** शहडोल संभाग के विशालतम तीन दिनी विशाल महाशिवरात्रि मेला के पावन अवसर पर पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित कल्याण सेवा आश्रम एवं गुरु नानक गुरुद्वारा के द्वारा विशाल भंडारा भोजन बाहर से आए हजारों भक्त श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों तीर्थ यात्रियों को विधिवत भोजन प्रसाद भंडारा कराया गया बाहर से आने वाले भक्त श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों एवं नर्मदा परिक्रमा वासियों को रोक कर तथा अनुरोध करते हुए तथा उन्हें विनम्र निवेदन के साथ गुरु नानक गुरुद्वारा परिसर में विशाल सभा हाल में भोजन लंगर बैठ कर कराया गया तथा स्थानीय कल्याण सेवा आश्रम में भी आगंतुक हजारों भक्त श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों तीर्थ यात्रियों नर्मदा परिक्रमा वासियों को भोजन भंडारा कराया गया साथ ही आश्रम के मुख्य गेट के सामने विधिवत निवेदन कर भोजन भंडारा कराया गया तथा उन्हें वितरित किया गया भंडारा भोजन के लिए कल्याण सेवा आश्रम के सामने अच्छी खासी भीड़ देखी गई। कल्याण सेवा आश्रम के सामने आश्रम के प्रबंधक ट्रस्टी हिमाद्री मुनि जी महाराज के द्वारा धर्मानंद जी, जगदीशानंद जी, हरस्वरूप महाराज, राघवानंद जी आगंतुक जनों को भोजन भंडारा वितरित किया गया। कल्याण शिव आश्रम में शिवरात्रि मेला दिवस लगभग 5 से 10 लोगों को भोजन भंडारा के माध्यम से कराया गया। स्थानीय गुरु नानक गुरुद्वारा में भी पंजाब से आए सेवादारों के द्वारा लगातार तीन दिवस 15-16 एवं 17 फरवरी को विशाल भंडारा लंगर का आयोजन किया गया गुरु नानक गुरुद्वारा में सरदार जंग सिंह के नेतृत्व में सरदार विनय सिंह एवं सहयोगियों के द्वारा लंगर का आयोजन किया गया।

### अज्ञात युवक की पहचान ना होने पर पुलिस ने किया अंतिम संस्कार

**अनूपपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 बब्बा कॉलोनी में मृत हालत में मिले अज्ञात युवक जिसकी उम्र 30 से 35 वर्ष रही है कि अज्ञात कारणों से मौत की सूचना पत्रकार द्वारा दिए जाने पर कोतवाली पुलिस द्वारा पंचनामा कर अज्ञात मृतक के पहचान किए जाने का प्रयास किए जाने के 5 दिन हो जाने पर पहचान ना होने की स्थिति में ड्यूटी डॉक्टर दिनेश बघेल से शव का पी,एम, कराने बाद नगरपालिका अनूपपुर के सौजन्य से मुक्तिधाम अनूपपुर में कोतवाली के सहा, उप निरीक्षक सतानंद रावत, नगर के सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल, मूलचंद सिंह, अजय, रामप्रसाद कोल एवं गगन सिंह की उपस्थिति में शव का अंतिम संस्कार किया।

## शासकीय आदर्श महाविद्यालय डिंडौरी में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न

# स्वदेशी शिक्षा और उत्पादों को अपनाएं





**डिंडौरी। शासकीय आदर्श महाविद्यालय डिंडौरी में 17 एवं 18 फरवरी 2026 को ष्भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयनष् विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों पर व्यापक चर्चा कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में सार्थक पहल करना रहा।**

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ओमप्रकाश धुर्वे कलेक्टर अंजू पवन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुरेन्द्र सिंह परिहारए क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक जबलपुर संभाग पीण्आरण चंदेलकर नोडल अधिकारी नई शिक्षा नीति मध्यप्रदेश सुशील दुबे तथा प्राचार्य अजय कोष्टा द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। सेमिनार में विद्वानों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने क्रेडिट प्रणाली परीक्षा व्यवस्थाए मेजर एवं माइनर विषयों की संरचना तथा ओपन इलेक्टिव विषयों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इसे विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन विनीत टांडिया ने किया जबकि संयोजक कल्पना मिश्रा ने आभार प्रदर्शन किया। सेमिनार में महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र.छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया। इसे शिक्षा जगत में सकारात्मक पहल बताते हुए कहा गया कि इससे विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच को बढ़ावा मिलेगा।ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र.छात्राएं पुरानी और नई शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझते हुए आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हों तथा स्वदेशी शिक्षा और उत्पादों को अपनाएं। उन्होंने संत तुलसीदास और कबीरदास का उल्लेख करते हुए कहा कि महानता केवल डिग्री से नहींए बल्कि ज्ञान और चिंतन से प्राप्त होती है। साथ ही महाविद्यालय में प्रयोगशाला के अभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए विधायक निधि एवं सांसद निधि से नवीन प्रयोगशाला निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।अंजू पवन भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहां नवीन शिक्षा नीति को प्रभावी रूप से लागू किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य शारीरिकए मानसिकए शैक्षणिक सामाजिक और नैतिक विकास सुनिश्चित करना है तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान अवसर प्रदान करना भी उतना ही आवश्यक है। विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पण और कठिन परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं।दो दिवसीय इस राष्ट्रीय सेमिनार के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में सार्थक संवाद स्थापित हुआ।

## जनसुनवाई में 76 आवेदन प्राप्त दिव्यांग बालक को सीपी चेयर प्रदान



**डिंडौरी।** जिला मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासनिक सक्रियता एक बार फिर देखने को मिली। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए।जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरीए डिप्टी कलेक्टर बैधनाथ वासनिकए डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को समय.सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्राप्त आवेदनों में राजस्व प्रकरणए नामांतरणए बंटवारा एवं सीमांकनए प्रधानमंत्री आवास योजनाए सामाजिक सुरक्षा पेंशनए खाद्यान्न पर्चीए आयुष्मान कार्डए विद्युत आपूर्तिए सड़क एवं पेयजल समस्याए रोजगार संबंधी आवेदन तथा अतिक्रमण के प्रकरण प्रमुख रूप से शामिल रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाएए ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।जनसुनवाई के दौरान एक मानवीय पहल भी सामने आई। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांग बालक इकबाल यादव को सीपी चेयर उपलब्ध कराई गई। सहायक उपकरण प्राप्त होने पर बालक के परिजन भावुक हो उठे और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। यह पहल दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके जीवन को अधिक सुगम बनाने की दिशा में प्रशासन की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।



## कलेक्ट्रेट परिसर से महिला कृषकों का प्रशिक्षण दल मुरैना रवाना

**डिंडौरी।** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन के तहत संचालित आत्मा परियोजना डिंडौरी के अंतर्गत राज्य स्तरीय कृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिले की महिला कृषकों एवं आजीविका स्व.सहायता समूह की महिलाओं को तीन दिवसीय उन्नत मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र मुरैना में किया जा रहा है।कृषक कल्याण वर्ष 2026 एवं प्रधानमंत्री धन.धान्य कृषि योजना के अंतर्गत जिले में मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नए समूहों का गठन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करते हुए उन्हें वैकल्पिक एवं स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते ने बस को हरी झंडी दिखाकर प्रशिक्षण दल को रवाना किया। अधिकारियों ने महिला कृषकों को प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ लेने और जिले में मधुमक्खी पालन को स्वरोजगार के सशक्त माध्यम के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर परियोजना संचालक आत्मा नेहा धूरियाए उप परियोजना संचालक सह अनुविभागीय कृषि अधिकारी रूचि टेकामए बस प्रभारी अधिकारी बीटीएम अशोक कोरी तथा संतोष कुमार उईके सहित विभिन्न विकासखंडों की स्व.सहायता समूह की महिला कृषक उपस्थित रहीं।इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले में मधुमक्खी पालन आधारित उद्यमिता को नई दिशा मिलने की उम्मीद व्यक्त की गई है।

### पंचायत स्तर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम



**डिंडौरी।**जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन के उद्देश्य से 100 दिवसीय इंटेंसिव थीम आधारित ष्बाल विवाह मुक्त भारतष् अभियान के अंतर्गत पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंह सिंगोर के मार्गदर्शन में संचालित यह अभियान 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है।अभियान के तहत वन स्टॉप सेंटर डिंडौरी द्वारा विकासखंड डिंडौरी के आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 11 एवं 14 में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में सेंटर प्रशासक सविता धार्वे एवं केस वर्कर रितु खांडे ने उपस्थित बालिकाओं और महिलाओं को अभियान की रूपरेखा से अवगत कराते हुए बाल विवाह के सामाजिकए स्वास्थ्य एवं कानूनी दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल विवाह न केवल सामाजिक बुराई हैए बल्कि यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध परामर्शए संरक्षण एवं सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन 181ए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा वन स्टॉप सेंटर हेल्पलाइन नंबर 7828195167 की जानकारी साझा कर आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।अंत में सभी उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को बाल विवाह जैसी कुरीतियों के विरुद्ध सजग रहने तथा इसके उन्मूलन के लिए समाज में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर केस वर्कर सुमरतो सरोते भी उपस्थित रहीं।जिले में बाल विवाह की रोकथाम और व्यापक जनजागरूकता के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैंए जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित किया जा सके।

## परवाज़ युवा संगम रोजगार मेले में 420 युवाओं का प्राथमिक चयन



**डिंडौरी।** जिला प्रशासन डिंडौरी के नेतृत्व में 17 फरवरी 2026 को शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय वृहद श्परवाज़दृयुवा संगमश रोजगार मेले का आयोजन उत्साह और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।मेले में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए कुल 1098 युवक.युवतियों ने पंजीयन कराया। इनमें से 420 अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में प्राथमिक चयन किया गया। आयोजन में 12 से अधिक कंपनियों एवं संस्थाओं ने भाग लेकर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए।

रोजगार मेले में फैक्ट्री ;औद्योगिक उत्पादद्धए मोटरसाइकिल एवं वाहन रिपेयरिंगए इलेक्ट्रीशियनए वेल्डिंगए फिटरए प्लंबरए होटल मैनेजमेंटए सिक्योरिटी गार्डए प्लांट असिस्टेंट वर्करए सेल्स एवं मार्केटिंग सहित विभिन्न तकनीकी एवं गैर.तकनीकी क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध कराए गए। कंपनियों द्वारा स्थल पर ही साक्षात्कारए दस्तावेज सत्यापनए प्राथमिक चयन और कैरियर मार्गदर्शन की सुविधा प्रदान की गईए जिससे युवाओं को त्वरित रोजगार अवसर प्राप्त हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कलेक्टर अंजू पवन भदौरियाए विधायक ओमकार मरकामए विभागीय अधिकारीए मध्यप्रदेश आजीविका मिशन से डीपीएम अर्पणा पाण्डेयए जिला रोजगार कार्यालय से रोहित पाण्डेय तथा प्रदान संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।कलेक्टर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई छोड़ चुके अथवा अध्ययनरत युवा.युवतियों को रोजगार से जोड़ना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान चयनित अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए रोजगार प्राप्ति पर प्रसन्नता व्यक्त की। जिला प्रशासन ने इसे युवाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में सार्थक प्रयास बताते हुए भविष्य में भी ऐसे रोजगार मेलों के निरंतर आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई।इस आयोजन में जिला रोजगार कार्यालयए मध्यप्रदेश आजीविका मिशन एवं प्रदान संस्था का विशेष सहयोग रहा। जिला प्रशासन ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए अन्य युवाओं से भी कौशल विकास एवं रोजगार गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की अपील की।



## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संगम टोला में संपन्न

**डिंडोरी।** जिले के संगम टोला में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी आदित्य सिंह एवं लेखा एवं कार्यक्रम सहायक आरण झारिया के निर्देशन में संपन्न हुआ।प्रतियोगिता में वॉलीबॉलए 100 मीटर दौड़ए 200 मीटर दौड़ए महिला वर्ग की खो.खो तथा गोला फेंक स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला संगम टोला और शुकुलपुरा के बीच खेला गयाए जिसमें संगम टोला की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कियाए जबकि शुकुलपुरा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। महिला वर्ग की खो.खो प्रतियोगिता में संगम टोला की टीम विजेता रही। गोला फेंक प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में नंदकुमार नंदा ने प्रथम स्थान हासिल कियाए वहीं महिला वर्ग में कुंती बाई माझी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी खेलों के प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को आकर्षक कपए मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लिखारी लाल माझी रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में इंद्रपाल मरकाम ;जयस प्रदेश अध्यक्षद्धए श्री होगलाल मांझी ;मंडल महामंत्रीद्धए दीपक साहू एवं सरपंच रघुवर सिंह धुर्वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया।



### जिले में ओलंपियाड सम्मान समारोह संपन्न

**डिंडौरी।**राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में ओलंपियाड 2025.26 के अंतर्गत जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। समारोह में कक्षा द्वितीय से आठवीं तक के चयनित 32 विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन जिला परियोजना समन्वयक श्वेता अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी सुमन परस्ते के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अकादमिक परियोजना समन्वयक अमित गौलिया का विशेष योगदान रहा। साथ ही बीआरसीसी अरुण चौबेए करण निधि शर्मा एवं रंजीत ब्यौहार सहित अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण.पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रमए अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रयासों की सराहना की।यह सम्मान समारोह विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देने और शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### कलेक्टर ने सीबीएसई परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने सीबीएसई के अंतर्गत आयोजित गणित विषय की परीक्षा के दौरान केंद्रीय विद्यालय डिंडौरी स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न परीक्षा कक्षों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षार्थियों से संवाद कर परीक्षा संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने परीक्षा को शांतिपूर्णए निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने प्राचार्य एवं उपस्थित शिक्षकों को शासन के दिशा.निर्देशों के अनुरूप परीक्षा संपन्न करानेए विद्यार्थियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पवित्रताए पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में आये 140 आवेदन



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 140 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

### खेरापति की प्राण प्रतिष्ठा एवं शिव महापुराण आज से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** समीपी ग्राम सिंहपुर बड़ा मे मां खेरापति की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री शिव महापुराण कथा तथा पंच कुण्डीय श्री रूद्र सत चंडी महायज्ञ का आयोजन 17 फरवरी बुधवार से किया जा रहा है। प्रतिदिन कथा एवं यज्ञ आहुति दी जावेगी। उक्त आयोजन ग्रामवासी सिंहपुर बड़ा द्वारा किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास पं. भवानी शंकर तिवारी जी महाराज द्वारा भक्तों भगवान शिव की महिमा का वर्णन सुनायेगें। आयोजन समिति द्वारा सभी से धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 23 से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण यथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य के लिए दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 23 एवं 24 फरवरी को जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रात 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में एक जनगणना लिपिक जिला कार्यालय से तथा प्रत्येक चार्ज जनगणना अधिकारी कार्यालय से एक- एक जनगणना लिपिक सम्मिलित होंगे।

### भाविप द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भारत विकास परिषद जिला इकाई द्वारा आयोजित भारत को जानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कराई गई। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विगत दिवस भारत विकास परिषद महिला सहभागिता प्रमुख श्रीमती भारती कौरव संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी वरिष्ठ आचार्य नरेन्द्र सिंह राजपूत श्रीमती ज्योति जोशी श्रीमती सोमजया मिश्रा मिथलेश विश्वकर्मा, रामशंकर पटेल, सुनील दुबे आचार्य द्वारा प्रशस्ति प्रत्र प्रदान कर सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया। वरिष्ठ वर्ग में मोहिनी काछी प्रथम वैशाली पटेल द्वितीय प्रख्याती राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में अस्मिता लोधी ने प्रथम स्थान तथा रीजनल स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंबिका यादव ने द्वितीय तथा खुशबू दुबे, आराध्या पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसके अलावा 50 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

### 35 वाहनों की जांच वसूला, 62 हजार का जुर्माना



**नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जांच की जा रही है जिसमे तेंदूखेड़ा - गाडरवारा मार्ग पर जांच के दौरान एनटीपीसी से फ्लाईऐश परिवहन करेन वाले 35 वाहनों की जांच की गई जिसमें 62 हजार 500 रूपए का जुर्माना वूसला गया। उक्त कार्रवाई में जिला परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया सहित स्टाफ मौजूद रहा।

### शहीद आशीष शर्मा के भाई को मिली नियुक्ति

**नरसिंहपुर।** जिले के बोहानी गांव निवासी शहीद निरीक्षक आशीष शर्मा के भाई अंकित शर्मा ने उपनिरीक्षक का पदभार ग्रहण किया। उन्हें मध्यप्रदेश शासन ने विशेष अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की है। यह नियुक्ति मुख्यमंत्री मोहन यादव की घोषणा के अनुरूप की गई है।

## अवैध सागौन जब्ती के मामला, ना हो खाना पूर्ति

# जांच के नाम पर दोषियों को छूट रहा पसीना









**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

बीत दिनों वन परिक्षेत्र करेली अंतर्गत नगर के फर्नीचर की दुकान पर वन विभाग द्वारा दबिश देकर बड़ी संख्या मे अवैध सागौन की जब्ती की गई। विभाग द्वारा फर्नीचर दुकान को शील कर मालिक की सुपुर्दगी में छोड़ दिया जिसकी जांच वन विभाग द्वारा की जा रही। जिसमें वन रक्षक से लेकर परिक्षेत्र अधिकारी को जांच दल में शामिल किया गया है। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है वही सूत्रों की माने तो जांच मे कुछ चहेते कर्मचारियों को बचाने का प्रयास उच्च अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। जबकि पकड़े गए आरोपी द्वारा अवैध सागौन की कटाई के सबंध मे स्पष्ट रूप से मिलीभगत वाले कर्मचारियों का नाम तथा जगह का नाम बताया गया है अब देखना होगा चहेते कर्मचारियों को कैसे बचाया जावेगा।

### मामला इस प्रकार

वन परिक्षेत्र करेली के बरमान चौराहा स्थित दीपक यादव की फर्नीचर मार्ट से वन विभाग द्वारा 10 घन मीटर अवैध सागौन के लठ्ठे, चिरान, सिल्ली व अन्य सामग्री जब्त की गई। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 10 घन मीटर अवैध सागौन के साथ एक वाहन जब्त किया गया। वन विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए फर्नीचर मार्ट की दुकान, आरा मशीन सहित अन्य सामग्री को सील किया गया। आरोपी द्वारा दुकान के तल घरे मे लकड़ी को छुपाकर रखा गया था आरोपी से पूछताछ की जा रही है वही अन्य 4 लोगों से पूछताछ की जा रही है। वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी लाने के स्त्रोतों का पता लगाया जा रहा है। सूत्रों की माने तो उक्त अवैध कटाई व भंडाराण वन विभाग के जिम्मेदार कर्मियों की मिलीभगत भी हो सकती है। फिलहाल विभाग द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है जांच के उपरांत की कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

### वीट को जांच रखा बाहर

करेली में हुई अवैध सागौन जब्ती के मामले मे वन कर्मियों की मिलीभगत है। वन कर्मियों को अवैध सागौन की कटाई व परिवहन के लिए अवैध रकम दी जाती थी। वन विभाग द्वारा टीम गठित कर मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। सूत्रों की मानें तो उक्त जांच मे जिस क्षेत्र की आरोपियों द्वारा कटाई की बात कही गई है उसमें से चहेते वन रक्षकों की वीट को जांच मे नहीं लिया गया है। वही प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर किसी भी कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि दोषी कौन है और किस किसको जांच मे बचाया गया है। उक्त मामले मे अधिकारी के चहेते वन कर्मियों की पैर फंसते नजर आ रहे है।

### करेली वन रेज कार्यप्रणाली पर भी सवाल

फरवरी के पहले सप्ताह मे अनुविभागीय अधिकारी वन द्वारा करेली नगर मे स्थित दीपक यादव की फर्नीचर दुकान पर की गई कार्रवाई में बड़ी मात्रा में अवैध सागौन जब्त किया गया। अब विचारणीय यह है कि वन परिक्षेत्र अधिकारी करेली द्वारा क्या कभी जांच नही की जाती है। क्योकि जांच की जाती तो इतनी बड़ी मात्रा मे अवैध सागौन एकत्र नही हो सकता था या फिर दीपक यादव के उक्त काले कारोबार मे वन परिक्षेत्र अधिकारी करेली की मिली भगत होगी। उक्त मामले को लेकर लोगों द्वारा अनेकों प्रकार से सवाल उठाए जा रहे। वन विभाग को चाहिए की मामले की सूक्ष्मता से जांच कर दोषियों पर भी ठोस कार्रवाई की जावे तथा करेली वन परिक्षेत्र अधिकारी की भी जांच करे।



## आत्मनिर्भरता की ओर गौशालाएं, गौ-काष्ठ का हो रहा निर्माण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** आगामी होली पर्व के दृष्टिगत जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं गौ-संवर्धन को प्रोत्साहित करने की दिशा में अभिनव पहल की जा रही है। जिले की विभिन्न गौशालाओं द्वारा देशी गौवंश के गोबर से गौ-काष्ठ (गोबर से निर्मित लकड़ियां) एवं कंडों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे होलिका दहन के दौरान लकड़ी की खपत में कमी आएगी। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इस होली 'गौ-काष्ठ' का अधिकाधिक उपयोग कर हरित एवं पर्यावरण अनुकूल होली का पर्व मनाएं तथा प्रकृति संरक्षण में सहभागी बनें। जिले में त्रिनेत्री संस्था द्वारा संचालित एमजीएसवाई गौशाला बहोरीपार, आदर्श गौशाला केंद्रीय जेल नरसिंहपुर तथा दयोदय गौशाला समिति गाडरवारा सहित अन्य गौशालाएं इस कार्य में सक्रिय रूप से संलग्न हैं। इन संस्थाओं द्वारा गौ-सेवा के साथ- साथ उत्पादन कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में गौशालाओं को तकनीकी सहयोग एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गोबर से निर्मित ये लकड़ियां यज्ञ, हवन, अनुष्ठान, होलिका दहन एवं अंत्येष्टि संस्कार जैसे कार्यों के लिए उपयुक्त एवं पवित्र मानी जाती हैं।

## 5वीं व 8वीं की परीक्षा को लेकर बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्धारित समय सारणी अनुसार 20 फरवरी से प्रारंभ होने वाली जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय की कक्षा पांचवीं आठवीं वार्षिक परीक्षा के आयोजन के पूर्व केंद्राध्यक्षों का जिले के सभी जनपद शिक्षा केंद्र में विकासखंड स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण विकासखंड स्तर पर समस्त विकासखंड स्रोत समन्वयक एवं केंद्राध्यक्ष की उपस्थिति में आयोजित किया गया। बैठक में बताया गया कि जिले मे कक्षा पांचवीं आठवीं वार्षिक परीक्षा हेतु 202 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें कक्षा पांचवीं के 17746 एवं कक्षा आठवीं के 16621 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

## अहिल्या बाई की प्रतिमा लगाने विधायक निधि से मिलेंगे 5 लाख

**तेंदूखेड़ा**



विगत दिवस अखिल भारतीय गड़रिया महासभा के सामाजिक बंधुओं से क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल की आत्मीय मुलाकात हुई ।सामाजिक बंधुओ की मांग पर देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना हेतु विधायक निधि से 5 लाख रुपए देने की घोषणा करते हुए विधायक ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिमा केवल एक मूर्ति नहीं बल्कि हमारी संस्कृति नारी शक्ति और सामाजिक गौरव का प्रतीक होगी। गड़रिया समाज परिश्रम ईमानदारी और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा है। सदैव क्षेत्र के विकास सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाज के उत्थान युवाओं के शिक्षा एवं रोजगार तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु मैं सदैव प्रतिबद्ध हूं। हमारा लक्ष्य केवल विकास नहीं बल्कि सर्वसमाज का समग्र विकास है जिसमें हर वर्ग हर समाज और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। समय समय पर सभी के सुझाव मेरे लिए मार्गदर्शक हैं और अपेक्षाओं पर खरा उतरना मेरा दायित्व है। उक्त अवसर पर अखिल भारतीय गड़रिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राजेश श्रीपाल कोषाध्यक्ष कृपाल श्रीपाल प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाल प्रदेश संगठन मंत्री राजू पाली महासचिव डॉ राकेश पाली युवा जिला अध्यक्ष महेश पाली उपाध्यक्ष परसोत्तम पाली गुलाब बैजनाथ राजेंद्र पाली अनिल पाली जमना महिला जिला अध्यक्ष श्रीमति पिंकी पाली श्रीमति नीलम पाली एवं सभी सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति रही।

## जबलपुर के लिए दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक कोई ट्रेन नहीं होनें से आम जनता परेशान

**करेली न्यूज -*** रेलवे की लचर कार्यप्रणाली एक बार फिर आम यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। करेली रेलवे स्टेशन से जबलपुर जाने के लिए दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक एक भी सीधी ट्रेन उपलब्ध नहीं है, जिससे नौकरीपेशा लोगों, छात्रों, मरीजों और व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, इटारसी जैसे प्रमुख जंक्शन के लिए भी सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोई ट्रेन नहीं है, जबकि यही समय सबसे अधिक यात्रियों का होता है। इस कारण यात्रियों को या तो घंटों स्टेशन पर इंतजार करना पड़ता है या फिर महंगे निजी साधनों का सहारा लेना पड़ता है।*जनमानस को सुविधाएं प्रदान करना रेलवे का धर्म*रेलवे का काम जनता को सुविधाएं देना है पमरे का प्रमुख स्टेशन करेली है यहां का राजस्व भी अधिक है पमरे का प्रमुख स्टेशन करेली क्षेत्र से लगभग 600 ग्राम लगे है यहां से करेली के अलावा तेन्दूखेड़ा, गाड़रवारा, बरेली, नरसिंहपुर तहसील सहित रायसेन एवं सागर जिले तक के अनेक ग्रामों के यात्री यात्रा करते है। क्षेत्र की सबसे बड़ी गुड़ मंडी के साथ साथ चना की मंडी भी इस क्षेत्र में है। गुड़, चना एवं गेहूं का निर्यात के लिये भी यह मंडी जानी जाती है बाहर से आने जाने वाले व्यापारियों की संख्या भी बहुत अधिक है। *क्षेत्रवासियो से छीनी गई उनकी सबसे सुखद शटल ट्रेन* रेलवे द्वारा परिचालन में छोटी छोटी स्टेशनों की सुविधाओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। छोटी स्टेशनों के यात्री यहां सुविधाये बढ़ाई तो नहीं गई बल्कि पूर्व से मिल रही सुविधाएं छीन ली गई व महंगी कर दी गई। 51673/51674 इटारसी सतना शटल इसका उदाहरण है। भारत सरकार रेलमंत्रालय रेलवे बोर्ड की स्टापेज पालिसी के संदर्भ में जारी पत्र नं. 2004 दिनांक 24.02.2016 में इलेक्ट्रिक इंजन की 18 बोगी की ट्रेन के 2 मिनिट के स्टापेज के मानकों की पूर्ति करने में करेली सक्षम स्टेशन है। *शुरुआत से ही गरीब रथ के स्टापेज की आश मे करेली* कोई भी ट्रेन में



आरंभिक स्टेशन से उसके आसपास की स्टेशनों को लाभ मिलता है पर करेली वंचित है 12187-12188 जबलपुर मुम्बई गरीब रथ का करेली में स्टापेज बहुत जरूरी है। अनुरोध है कि समग्र जनता के हित में उक्त रेल समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।*प्रभावित जनता को देखनेनगर की आमजनता लंबे समय से रेलमंत्री रेल मंत्रालय रेल भवन नई दिल्ली, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड कार्यालय कक्ष नं. 256-1 रेल भवन रायसीना रोड़ नई दिल्ली, महाप्रबंधक (जीएम) पश्चिम मध्य रेल जोन मुख्यालय, जबलपुर, मंड्ल रेल प्रबंधक (डीआरएम), पश्चिम मध्य रेल मंडल मुख्यालय, जबलपुर, दर्शन सिंह चौधरी संसद होशंगाबाद से मांग कर रही है कि करेली स्टेशन पर 22177/22178 मुम्बई वाराणसी महानगरी एक्सप्रेस 12187-12188 जबलपुर मुम्बई गरीब रथ एक्सप्रेस का स्टापेज किया जावे वाला कोई नहीं*मरीज, छात्र और नौकरीपेशा सबसे अधिक प्रभावितकरेली क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग इलाज, पढ़ाई और नौकरी के लिए रोजाना जबलपुर और इटारसी की यात्रा करते हैं। दोपहर के समय ट्रेन न होने से मरीजों की अपॉइंटमेंट छूट रही है छात्रों को कक्षाओं में देरी हो रही है नौकरीपेशा लोगों को समय पर पहुंचना मुश्किल हो रहा है जबकि नरसिंहपुर जिले से प्रदेश सरकार में दो-दो मंत्री होने के बाद भी आज तक आम जनता की इस बात को कभी बड़े पटल पर नहीं उठाया गया नर्मदा पुरम के सांसद ने भी करेली क्षेत्र को पूर्णतया अपने से अलग कर रखा है कभी भी इस क्षेत्र के लिए उन्होंने उच्च सदन में बात नहीं उठाई आखिर यह कैसे जनप्रतिनिधि हैं जो अपनी ही जानता की बात को स्पष्ट तौर पर बड़े मंच पर नहीं रख पा रहे हैं और ना ही उन्हें कोई सुविधा दिलवा पा रहे हैं*वर्षो से इंतजार पर नहीं क्षेत्रवासियों को मिली महानगरी* दिन में 9 घंटे तक कोई ट्रेन जबलपुर दिशा में जाने नहीं है फिर भी यह 22177/22178 मुम्बई वाराणसी महानगरी एक्सप्रेस के स्टापेज से वंचित है। करेली में दिन में 2 बजे आने वाली 13202 जनता एक्सप्रेस का समय सुबह 6 बजे कर दिया है दिन में 1.20 पर आने वाली सोमनाथ दिन में 11 बजे आने लगी है दिन में अब जबलपुर जाने में बहुत परेशानी हो रही है। श्रीधाम की तरह करेली में महानगरी का स्टापेज होना जरूरी । *रेलवे के अड़यिल रवैया से आम जनता मे पनप रहा आक्रोश* स्थानीय यात्रियों का कहना है कि रेलवे द्वारा छोटे स्टेशनों और कस्बों की जरूरतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है।यात्रियों ने सवाल उठाया है कि जब सुबह और रात की ट्रेनें चलाई जा सकती हैं, तो दिन के व्यस्त समय में ट्रेन क्यों नहीं? *मेमो ट्रेन को दिन में दो बार चलाया जाए*क्षेत्रवासियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि करेली–जबलपुर रूट पर दोपहर के समय कम से कम एक पैसेंजर या मेमो ट्रेन दो फेरे कर चलाई जाए ऐसा होता है तो इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा और जबलपुर से इटारसी के बीच अप डाउन करने वालों को भी इसका खासा लाभ मिलेगा *करेली से इटारसी के लिए दिन के समय कनेक्टिविटी बढ़ाई जाए*यात्रियों की जरूरतों के अनुसार इस ओर ध्यान नहीं दिया आम जनता पूर्व मे मेल रोको रेल आंदोलन कर मेल का स्टापेज पाया था कुछ उसी तरह इस बार भी आंदोलन का रास्ता आम नागरिक पुनः अपना सकते है।अब देखना यह है कि रेलवे यात्रियों की इस जायज मांग पर कब ध्यान देता है।*आम जनता आश लगाए क्षेत्रीय सांसद व रेल विभाग से*नगर की आमजनता

## गोटेगांव थाना क्षेत्र में "अपराधमुक्ति" पर सोशल मीडिया का तंज




**गोटेगांव।** नगर का गोटेगांव थाना क्षेत्र इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। फेसबुक और व्हाट्सऐप पर व्यंग्यात्मक पोस्ट वायरल हो रही हैं, जिनमें लिखा जा रहा है कि "गोटेगांव थाना क्षेत्र में अवैध शराब, सट्टा, स्मैक और जुआ पूरी तरह बंद — पुलिस को हार्दिक बधाई।"हालांकि जमीनी हकीकत से वाकिफ लोग इन पोस्टों को पढ़कर मुस्कुरा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अवैध गतिविधियों से परेशान जनता अब सीधे शिकायत करने के बजाय व्यंग्य का सहारा ले रही है। पोस्टों में ताली बजाते इमोजी के साथ ऐसे "उपलब्धियों" का उल्लेख किया जा रहा है, मानो थाना क्षेत्र ने अपराध नियंत्रण में कोई राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना लिया हो।नागरिकों का आरोप है कि अवैध शराब, सट्टा और नशे का कारोबार खुलेआम चर्चा में है, लेकिन कार्रवाई दिखाई नहीं देती। जानकारों का मानना है कि यह व्यंग्य जनता की हताशा का संकेत है। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग इन तंज भरी बधाइयों को चेतावनी मानता है या नहीं।

## मिलावटी दूध का काला कारोबार, कार्रवाई की मांग



**गोटेगांव।** नगर में मिलावटी दूध बेचने वाली डेयरियों की संख्या बढ़ने की शिकायतें सामने आ रही हैं। नागरिकों का आरोप है कि कुछ डेयरियों में दूध की शुद्धता के साथ-साथ नाप-तौल में भी गड़बड़ी की जा रही है।जानकारी के अनुसार, डेयरी संचालन के लिए Food Safety and Standards Authority of India (FSSAI) से लाइसेंस लेना अनिवार्य है, लेकिन कई स्थानों पर नियमों की अनदेखी की जा रही है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार दूध में डिटर्जेंट, यूरिया, स्टार्च जैसे रसायनों की मिलावट गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। नागरिकों ने संबंधित विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग की है।मिलावट की शिकायत हेतु राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन 1800-11-4000 या 14404 पर संपर्क किया जा सकता है।

## तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में अभिषेक व महाआरती में हजारों श्रद्धालु शामिल

**गोटेगांव।**



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गुरु नानक वार्ड स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन बड़े धूमधाम और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी एवं फूल-मालाओं से सजाया गया था, जिससे वातावरण शिवमय हो गया।प्रथम दिवस से ही भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जल, दूध, दही, शहद, गंगाजल एवं बेलपत्र से विशेष अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दर्शन एवं पूजन के लिए लगी रहीं।महाशिवरात्रि की रात्रि में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भजन-कीर्तन एवं शिव स्तुति से वातावरण भक्तिमय बना रहा।मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि तीनों दिन श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिकों एवं युवा मंडलों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।महाशिवरात्रि के इस भव्य आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का सुंदर संदेश दिया।1